आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। इन घटनाओं में अभी भी करीब 40 लोग लापता है जबकि अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। शिमला जिले के समेज क्षेत्र में तलाशी अभियान के पांचवें दिन आज सुन्नी डैम के करीब डोगरी से एक युवती और एक पुरूष का शव बरामद हुआ है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि समेज त्रासदी में लापता 36 लोगों के परिजनों के डी.एन.ए सैंपल लिए गए है। डीएनए मैचिंग के बाद ही शवों की शिनाख्त हो पाएगी। उन्होंने कहा कि 85 किलोमीटर के क्षेत्र में चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में अभी तक पांच शव बरामद हुए हैं। उपायुक्त ने कहा कि शव काफी क्षत–विक्षत हालात में मिल रहे है और ऐसे में शवों की शिनाख्त करना एक चुनौती है। इसी के चलते फैसला लिया गया है कि सभी शवों के डीएनए मैच करवाए जाएंगे। वहीं कुल्लू जिला के मलाणा से 15 स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उधर कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि मलाणा से 15 स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने कहा कि श्रीखंड यात्रा में गए सभी लोग वापिस आ गए हैं लेकिन दो दर्जन के करीब लोग जाओं में रूके हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में कैंसर से ग्रसित मरीजों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की जाएंगी और उनका इलाज भी पूरी तरह से निःशुल्क पूरा किया जाएगा। आज शिमला में स्टेट एडवाइजरी बोर्ड ऑन कैंसर एंड पल्लिएटिव केयर प्रोग्राम की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि देश के उत्तर–पूर्वी राज्यों में कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कैंसर के मामलों में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है जो चिंता का विषय है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को उनके उपचार के लिए 42 दवाइयां मुफ्त प्रदान करेगी और इन दवाइयों को राज्य की अनिवार्य दवा सूची में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कैंसर उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 3 सौ करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए। इसके तहत 75 करोड़ रुपये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कैंसर केयर हमीरपुर की आधारभूत संरचना, 75 करोड़ रुपये चमियाणा शिमला में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा और एक सौ 50 करोड़ रुपये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हमीरपुर में विश्व स्तरीय कैंसर उपचार उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने बैठक में बहुमूल्य सुझाव दिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भारी बारिश व बादल फटने के कारण प्रदेश में जान–माल का बहुत नुकसान हुआ है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा 20 करोड़ रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत की है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पुलों व सड़कों को यातायात के

लिए जल्द बहाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारी बारिश व बादल फटने की घटनाओं से लोक निर्माण विभाग को प्रारंभिक आंकलन के अनुसार लगभग 3 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अभी तक किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं मिली है। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश से भाजपा के सांसदों से आपदा की इस घड़ी में केंद्र से हिमाचल के लिए आर्थिक मदद का मुद्दा उठाने का आग्रह किया है।

<u>सिकंदर</u>

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि वर्ष 2012 में शुरू हुई नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में पांच सौ लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में योजना के संचालन के तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वयन भागीदारों को अनुदान के रूप में तीन लाख के रूपए की राशि जारी की गई थी। सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में सूक्ष्म लघू और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत केंद्र सरकार ने और अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र में स्वीकार्य अधिकतम परियोजना लागत 25 लाख से बढाकर 50 लाख रूपए कर दी है।

<u>इन्दु गोस्वामी</u>

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मन्त्री कमलेश पासवान ने बताया है कि प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 के दौरान हिमाचल प्रदेश को 6 सौ 24 करोड़ 76 लाख रूपये की केन्द्रीय सहायता राशि जारी की गई। राज्यसभा सांसद इन्दु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के उत्तर में उन्होंने ये जानकारी दी।